# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

**दिनांक 16.04.2024** **समय 18.30**

- **राज्य में लोकसभा की 12 सीटों पर पहले चरण के चुनाव के लिए कल प्रचार थमेगा–विभिन्न पार्टियों के नेताओं द्वारा धुंआधार प्रचार।**
- **केन्द्रीय वित्त मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मला सीतारमण ने कहा– भारत पिछले तीन वित्तीय वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था रही।**
- **प्रदेश से बहुजन समाज पार्टी के दो विधायक आज शिवसेना शिंदे गुट में शामिल हुए।**
- **दुर्गा अष्टमी पर आज प्रदेश में घरों और मन्दिरों में विशेष आयोजन।**

000

प्रदेश में लोकसभा की 12 सीटों पर पहले चरण के तहत होने वाले चुनाव के लिए कल शाम प्रचार थम जायेगा। आज भी भाजपा, कांग्रेस, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, माकपा समेत अन्य पार्टियों के नेताओं ने विभिन्न स्थानों पर प्रचार किया। भाजपा नेता और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आज नागौर लोकसभा के कुचामन में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रोड़ शो करने का कार्यक्रम है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने नागौर के परबतसर में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस साल में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश को भाजपा सरकार की जरूरत है। भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने आज बूंदी, करौली तथा दौसा लोकसभा क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित किया। इसके अलावा, राज्य सरकार के कई मंत्री और पार्टी पदाधिकारी भी भाजपा प्रत्याशियों के प्रचार में जुटे रहे।

दूसरी ओर, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज अजमेर के आजाद पार्क में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। आज देर शाम उनका जयपुर के रामगंज बाजार में जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने आज सीकर में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अमराराम के समर्थन में रोड शो का नेतृत्व किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता सचिन पालयट का आज दौसा लोकसभा क्षेत्र के चाकसू में रोड़ शो तथा जयपुर लोकसभा क्षेत्र के खो नागोरियान में जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है।

000

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत राज्य के 13 लोकसभा क्षेत्रों में होम वोटिंग जारी है। टोंक जिले में 363 मतदाताओं ने होम वोटिंग सुविधा से मताधिकार का प्रयोग किया। बूंदी की 92 वर्षीया जागीर कौर और भंवर बाई ने मतदान करने के बाद होम वोटिंग सुविधा के लिये निर्वाचन आयोग के प्रति आभार जताया। बूंदी की रजतगृह कॉलोनी की 86 वर्षीय दिव्यांग प्रेमलता ने कहा कि वह बिना किसी सहारे वोट डालने में असमर्थ है। आयोग द्वारा दिव्यांगों को होम वोटिंग की सुविधा दी गई है, जो काबिल–ए–तारीफ है।

000

राज्य में मतदाता जागरूकता के लिये आज भी जिलों में विभिन्न आयोजन हुए। जैसलमेर में सतरंगी सप्ताह के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापसिंह ने पोस्टर का विमोचन किया। सलूंबर जिले के जयसमंद ब्लॉक के देवपुरा गांव में स्कूली बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया। गांव के चौराहे पर भी बच्चों ने नाटक का मंचन करके निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। टोंक जिले के देवली में कई स्कूलों में छात्राओं ने हाथों में मेहंदी लगाकर वोट डालने का संदेश दिया। पाली जिले की बाली तहसील के श्रीसेला में एक स्कूल में शत–प्रतिशत मतदान के लिये चुनाव प्रकिया का वीडियो बनाकर मतदाताओं को वोट डालने के लिये प्रेरित किया गया। सवाईमाधोपुर में आज बालिका आदर्श विद्या मन्दिर में बूथ अवेयरनेस कार्यकम आयोजित किया गया।

जोधपुर में इसी कम में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुगम्य पोर्टल लॉन्च किया। उन्होंने बताया कि सुगम्य पोर्टल का मुख्य उद्देश्य शहरी मतदाता की उदासीनता को दूर कर उन्हें मतदान के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि पोर्टल के जरिये अब मतदाता मतदान दिवस पर लम्बी–लम्बी कतारों से बच सकेंगे। कोटपूतली बहरोड में दिव्यांग मतदाओं को जागरूक के लिए विभिन्न स्थानों पर जागरूकता रैली का आयोजन किया।

श्रीगंगानगर में मतदान वृक्ष बनाने के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। मनरेगा श्रमिकों को मतदान की शपथ दिलाई गई। विद्यालयों में मतदाता जागरूकता को लेकर रंगोली बनाई गई।

जयपुर में मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिये पहले वोट डालने वाले 50 मतदाताओं को आकर्षक पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि नगर निगम हैरिटेज और ग्रेटर में स्थित सभी 2 हजार 166 बूथों पर पहले मतदान करने वाले 50 मतदाताओं को स्क्रैच कार्ड दिया जाएगा। कार्ड को स्क्रैच करने पर उस पर अंकित पुरस्कार से मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा।

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140—52368 पर भेज सकते हैं। अब हम इस संदेश श्रृंखला में गांव—ढांणी या मौहल्ले में एक साथ 4—5 लोगों यानि समूह में गये संदेशों को भी शामिल करेंगे। आज का संदेश हमें भांडू कलां के श्रोता ने भेजा है —

000

विभिन्न जिलों के निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी मतदाताओं को जागरूक करने में जुटे हुए हैं। इसी कम में दौसा की पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने मतदाताओं से वोट डालने की अपील की।

...............

सवाईमाधोपुर के जिला निर्वाचन अधिकारी खुशाल यादव ने भी मतदान दिवस पर जिले के सभी लोगों से मतदान में बढ—चढकर हिस्सा लेने का आग्रह किया है।

**000**

केंद्रीय वित्त मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत पिछले तीन वित्तीय वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था रही है और यह वृद्धि आने वाले वर्षों में भी जारी रहने की संभावना है। आज जयपुर में उद्योगपतियों और व्यापारियों के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती सीतारमण ने कहा कि अगले 25 साल भारत के लिए महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2023—24 में देश में तीन तिमाहियों में आठ प्रतिशत की विकास दर रही है और चौथी तिमाही में भी इसी स्तर की वृद्धि की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था की विश्वसनीयता के कारण विदेशी निवेशक भारत में निवेश करने आ रहे हैं। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि आर्थिक नीति, आर्थिक स्थिरता, स्थिर सरकार, स्थिर कराधान नीति, पारदर्शी निविदाओं के कारण विदेशों में भारत की अर्थव्यवस्था की अपार विश्वसनीयता रही है। यही कारण है कि विदेशी निवेशक यहां निवेश करने आ रहे हैं।

000

प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी के दो विधायक आज शिवसेना शिंदे गुट में शामिल हो गए । मुंबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में आज सादुलपुर से विधायक मनोज न्यांगली और बाड़ी से जसवंत सिंह गुर्जर ने बहुजन समाज पार्टी को छोड़कर शिवसेना का दामन थाम लिया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफोर्म पर इसकी जानकारी दी। श्री शिंदे ने कहा कि राजस्थान में शिवसेना के विस्तार की बहुत संभावना है। इस मौके पर श्री न्यांगली ने कहा कि लोकसभा चुनाव में वे भाजपा के प्रत्याशियों का समर्थन करेंगे और उन्हें जिताकर लोकसभा भेजेंगे। दोनों विधायकों के शिवसेना में शामिल होने के बाद राजस्थान विधानसभा में अब बहुजन समाज पार्टी का एक भी विधायक नहीं बचा है। बहुजन समाज पार्टी के विधायक पहले भी दो बार 2008 और 2018 में चुनाव जीतने के कुछ समय बाद पार्टी बदल चुके हैं। राज्य में 2008 और 2018 में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतने के कुछ समय बाद सभी विधायक कांग्रेस में शामिल हो गये थे।

000

दुर्गाष्टमी का पर्व आज प्रदेशभर में श्रद्धाभाव और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर शक्ति पीठों पर विशेष पूजा और अनुष्ठान किये जा रहे हैं। साथ ही घरों में भी मां दुर्गा की आराधना कर विशेष भोग लगाया गया। घरों में कन्याओं को भोजन कराकर उन्हें उपहार दिये गये। शाहपुरा की प्रमुख शक्तिपीठ धनोप माता और घाटा रानी मंदिर में विशेष आरती का आयोजन हुआ। बांसवाडा में मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर में विशेष मंगला आरती की गयी। चौथ का बरवाडा स्थित चौथ माता मंदिर में विशेष अनुष्ठान हो रहे हैं। बूंदी में इन्द्रगढ की बीजासन माता मंदिर और हंसा देवी मंदिर सहित सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। करौली में कैलादेवी और सीकर में जीण माता का मेला भर रहा है। हनुमानगढ़ में भद्रकाली मंदिर में भी मेला चल रहा है। जैसलमेर में भारत पाक सीमा पर स्थित तनोट माता के मन्दिर में दुर्गाष्टमी का पर्व हर्षोउल्लास से मनाया गया। सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने मन्दिर परिसर में आकर्षक सजावट की। सवेरे से ही मन्दिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मन्दिर में हवन और और यज्ञ का भी आयोजन हुआ।

000